## सार-समाचार

### निःशुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट चिकित्सा जांच व निदान शिविर

**ब्यावर ( निसं )।** ओसवाल जैन संघ संस्थान के तत्वावधान में सिटी डिस्पेसरी,मेवाड़ी गेट के पास 9 नवम्बर को सुबह 9.00 दोपहर 3.00 बजे तक शैल्बी हॉस्पिटल,अहमदाबाद के सहयोग से वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा हड्डी व जोड़ रोग,पेट व आंत रोग,कमर दर्द व कैंसर के रोगियों का निःशुल्क निदान किया जायेगा।शिविर संयोजक उत्तमचंद भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में फिजियोथेरेपिस्ट की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही लाल पैथ लैब,तेलियान चोपड़ा द्वारा रियायती दरों पर जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।रजिस्ट्रेशन सुबह8.00 बजे से करवाये जा सकेंगे। संघ अध्यक्ष अनिल डोसी ने बताया कि संबंधित विशेषज्ञों द्वारा बीमारी से बचने की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ विशेषज्ञों की टीम जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डा. वीरल गौंडलिया,गैस्ट्रो सर्जन डा.सौरभ दामानी, स्पाईन सर्जन डा.शिव कुमार बाली,हेड एंड नेक ओंको सर्जन डा. शिवम् पांड्या,जोड़ों के दर्द,गठिया एवं कृत्रिम जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ एवं डा. विक्रम शाह के सहयोगी डा.राज लिंबानी,फ़िजियोथेरेपिस्ट डा.सुनील सोनी आदि विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगें।

### विशेष मध्यस्थता शिविर बेंचों का आयोजन

**ब्यावर** ( निसं) मेडिएशन फॉर नेशन राष्ट्रीय अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 से 15 नवम्बर, 2025 तक न्यायालय परिसर में विशेष मध्यस्थता शिविर बेंचों का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष पहल का उद्देश्य आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर लंबित मामलों में कमी लाना तथा जनता को मध्यस्थता की प्रक्रिया से जोड़ना है। इन सुलह शिविरों में वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना, चेक बाउंस, भरण-पोषण सहित अन्य सुलह योग्य मामलों को प्राथमिकता से लिया जाएगा। मध्यस्थ पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद निपटाने में सहायता प्रदान करेंगे। शिविर अवधि के दौरान जनजागरूकता के ज़रिए अधिक से अधिक पक्षकार को इस प्रक्रिया से लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएँगे ।जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ने बताया कि मध्यस्थता एक प्रभावी, त्वरित एवं किफायती माध्यम है, जिससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द भी बना रहता है।उन्होंने अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आमजन से अपील की है कि वे अपने सुलह योग्य मामलों को इन विशेष सत्रों में प्रस्तुत करें तथा अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं।

### नसीराबाद में मनाया गया एनईपी मेला

**अजमेर**,(निसं)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रमुख सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नसीराबाद में एनईपी मेला उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सीएलए अवधि के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीएलए प्रभारी रेखा मीणा ने बताया कि मेले का शुभारंभ प्रधानाचार्य आर.सी. मीणा और प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने किया। प्रधानाचार्य मीणा ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एनईपी 2020 के प्रमुख सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अनुभवात्मक एवं आनंददायी शिक्षण को प्रोत्साहित करना है। मेले में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सुंदर चार्ट, जानकारीपूर्ण मॉडल और रचनात्मक प्रदर्शनी प्रस्तुत की, जिनमें एनईपी 2020 के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, कला एकीकृत शिक्षा, अनुभवात्मक और बहु विषयक दृष्टिकोण को दर्शाया गया। विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और नई शिक्षा नीति की समझ को मज़ेदार और सार्थक तरीके से प्रदर्शित करने का अवसर मिला। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को एनईपी 2020 की भावना को अपने दैनिक शिक्षण में अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनईपी मेला सफल रहा, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों में नवाचार, सहयोग और आनंददायी शिक्षण की भावना को प्रोत्साहित किया।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**ब्यावर** (निसं) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्ष तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रमांक-3, ब्यावर पंकज सांखला द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुर, ब्यावर में अभियान के तहत एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उन्हें यह समझाया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसके गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं।इसके साथ ही बाल विवाह के दुष्प्रभाव, बच्चों की शिक्षा में बाधाएं, किशोर गर्भावस्था एवं मातृ स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा, शोषण तथा जबरन श्रम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।शिविर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, नशे से मुक्त रहने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आ ान किया गया।

### संभागीय अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा संपन्न

**अजमेर( निसं )।** लायंस क्लब अजमेर द्वारा प्रांत 3233 ई 2 संभाग एक के संभागीय अध्यक्ष लायन हरीश गर्ग की सद्भावना यात्रा मानसरोवर स्थित लायंस भवन के सभागृह में क्लब अध्यक्ष लायन अशोक जैन की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि क्लब की सेवा गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी देने एवं प्रांत द्वारा निर्देशित कार्यक्रम से अवगत कराने के लिए संभागीय अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा कराई गई। लायन राजीव गर्ग ने मंच संचालन किया। क्लब सचिव लायन मनीष शर्मा ने सचिवीय प्रतिवेदन पढ़ा। कोषाध्यक्ष अशोक बंसल ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। ध्वज वंदना लायन कृष्णा गर्ग ने पढ़ी । सेवा कार्यों के तहत लायन हनुमान दयाल ऊषा बंसल के सहयोग से एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन प्रदान की गई। इससे पूर्व अतिथियों ने लायंस के जनक मेलविन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल लायन सुधीर सोगानी, लायन नरपतराज भंडारी, लायन हेमा केवलरमाणी, लायन टीकमचंद जैन, लायन दिनेश लाहोटी, लायन शारदा टंडन, लायन आभा गांधी, लायन संजय शर्मा, लायन एन के माथुर, लायन रमेश तापडिय़ा, लायन वी एन अरोरा, लायन जी डी वृंदानी, लायन डी के मेहता, लायन भागू इसरानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण स्थली का दौरा

**अजमेर(** निसं)। आर्य प्रतिनिधि सभा फिजी के प्रधान कमलेश आर्य ने अजमेर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण स्थली का दौरा किया। यह दौरा महर्षि दयानंद सरस्वती के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और वैश्विक आर्यसमाज के जुड़ाव को दर्शाता है। निर्वाण स्मारक न्यास पहुँचने पर, न्यास के संरक्षक एवं पूर्व विधायक डॉक्टर श्रीगोपाल बाहेती ने सभी गणमान्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉक्टर बाहेती ने उन्हें महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण स्मारक न्यास द्वारा संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों और कार्यों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया, जिनमें स्मारक का रखरखाव, वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार और सामाजिक कार्य शामिल हैं। कमलेश आर्य ने महर्षि की तप और साधना भूमि का दर्शन कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और न्यास के कार्यों की सराहना की। कमलेश आर्य के साथ राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश व लोकायुक्त जस्टिस सज्जन सिंह कोठारी, लोकायुक्त परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि , वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र आर्य व सत्यनारायण शर्मा भी उपस्थित रहे।

### शोक संवेदना व्यक्त की

**अजमेर** (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान इकाई के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी स्वर्गीय इंदिरा देवनानी के देवलोकगमन पर शुक्रवार को उनके संत कंवर राम कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय इंदिरा देवनानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया व श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संस्था पदाधिकारियों ने वासुदेव देवनानी से मिलकर उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति भी शोक संवेदना प्रकट की तथा संस्था की और से शोक संदेश भी सौंपा। देवनानी को सौंपे शोक संदेश में लिखा गया कि स्वर्गीय इंदिरा देवनानी के स्वर्गवास का समाचार जानकर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, पूर्वी राजस्थान इकाई के पदाधिकारियों को गहरा आघात लगा है।

# वन्दे मातरम् गीत नहीं राष्ट्र की आत्मा :केंद्रीय मंत्री चौधरी

■ **पुलिस लाइन मैदान में एक साथ गूंजा वंदे मातरम्, पांच हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग**

**अजमेर**, (निसं)। वन्दे मातरम् 150- के कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में किया गया। इस मौके पर 5230 से अधिक लोगों ने वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया। स्वतंत्रता सेनानी शोभा राम गहरवार और परिजन जानकी टी. गोकलानी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का संबोधन सीधा प्रसारण के माध्यम से देखा गया। प्रतिभागियों को ऑनलाइन सहभागिता प्रमाण पत्र भी जारी किए गए।

केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि वन्दे मातरम् देश के नागरिकों में चेतना जगाने वाला गीत है। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् के शब्दों में मां भारती की आत्मा बसती है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के समय क्रांतिकारियों के लिए ऊर्जा और बल का स्त्रोत बना और आज भी हर भारतीय के हृदय में उत्साह, गर्व और देशभक्ति का भाव जागृत करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ऋषि बंकिम चंद्र चटर्जी की अमर कृति आनंद मठ का यह गीत हमें सदैव प्रेरणा देता है। इसके लिए मां भारती के सपूतों ने बलिदान दिए हैं। यह हमें मातृभूमि की सेवा के लिए संकल्पित करता है। सरकार सशक्त किसान के माध्यम से सशक्त भारत के निर्माण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा ने कहा कि वन्दे मातरम् 150 के आयोजन देश के प्रति समर्पण की भावना को और प्रगाढ़ करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर तक सभी राजकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी को उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में आदर्श विद्या निकेतन पुष्कर रोड की 28 बालिकाओं ने ज्योति खोरवाल के निर्देशन में वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया। गीत के सम्पूर्ण अंतरों का गायन अत्यंत ऊर्जा दायक रहा। राजकीय केंद्रीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने वन्दे मातरम् पर नृत्य प्रस्तुति दी। ठोस डेव ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा का गायन किया। पर्यटन विभाग द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नाथू लाल सोलंकी के दल ने नगाड़ा वादन किया। वहीं जापान में भारत पर्व में प्रस्तुति देने वाले स्थानीय कलाकार विशाल माथुर के दल ने ऐ मेरे वतन के लोगों, ऐ वतन मेरे वतन, संदेशे आते हैं, मेरा रंग दे बसंती चोला, जय हो तथा वन्दे मातरम् का गायन किया।

# शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि, कलेक्टर ने कहा देशभक्ति केवल नारा नहीं जिम्मेदारी

■ **शहीदों के योगदान को याद करना आज की पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शन है**

**अजमेर** (निसं)। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने कहा कि वंदे मातरम् 150 सिर्फ कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह जन.स्तर पर राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी सोच और राष्ट्रीय एकता को दोबारा सक्रिय करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि शहीदों के योगदान को याद करना आज की पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शन है।

शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। कलेक्टर लोकबंधु ने कहा कि वंदे मातरम् का 150 वर्ष पूरा होना सिर्फ तारीख नहीं है। इसके पीछे स्वतंत्रता चेतना की शुरुआत है। जिला स्तर, ब्लॉक स्तर और पंचायत स्तर पर यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किए जा रहे हैं ताकि राष्ट्रभक्ति भाव केवल औपचारिक न रहे बल्कि व्यवहार में उतरे। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस 26 नवम्बर तक प्रतिदिन शैक्षिणक संस्थानों में वंदे मातरम् का वाचन कराया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं में भारत की ऐतिहासिक संघर्ष यात्रा की समझ और अपनी कर्तव्य भावना को जागृत करना है।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि भारत की आजादी सिर्फ इतिहास की पंक्तियों में नहीं है। यह आज भी हर नागरिक के आचरण कर्म और राष्ट्रहित की जिम्मेदारियों में जीवित रहनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि शहीदों का सम्मान केवल पुष्प चढ़ाने से पूरा नहीं होता। शहीदों का सम्मान तब पूरा होता है जब प्रशासन, विभाग, समाज और नागरिक अपने दायित्व ईमानदारी से निभाएं।

## जैन महिला यात्री दल उज्जैन का स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। दिगंबर जैन महिला महासमिति की और से जैन भवन में जैन महिला यात्रियों का स्वागत किया गया। उज्जैन संभाग मध्यांचल प्रदेशाध्यक्ष संगीता सोगानी व उज्जैन संभाग अध्यक्ष साधना बोहरा के नेतृत्व में किशनगढ़ पहुंची महिलाओ का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। अध्यक्ष मोना झांझरी ने बताया की सर्वप्रथम सभी महिला दल ने देव दर्शन कर डंपिंग यार्ड का भ्रमण किया। बाद आगे की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हो गई। इस दौरान किशनगढ़ से गुणमाला पाटनी, रीटा गंगवाल, सरिता पहाड़िया, राजकुमारी जैन, सरोज गोधा, मंजू जैन आदि उपस्थित रही।

## बीआरजी होटल एंड रिसोर्ट का विधिवत शुभारंभ

**मदनगंज-किशनगढ़,**( निस)। अंराई रोड़ स्थित बीआरजी होटल एंड रिसोर्ट का विधिवत शुभारंभ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने किया। साथ ही होटल डायरेक्टर भोजराज गुर्जर का जन्म दिन तलवार से बड़ा केक काटकर मनाया। विधिवत शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ आंगतुक अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि किशनगढ़ विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यहां पर्यटन, व्यापार एवं आतिथ्य क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। ऐसे होटल और रिसोर्ट से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि शहर की पहचान को भी नई ऊंचाई मिलेगी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि किशनगढ़ न केवल मार्बल सिटी के रूप में प्रसिद्ध है।

# राठौड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में बोर्ड परीक्षा केंद्र बदलने को लेकर सरकार को घेरा

■ **शिक्षा मंत्री दिलावर पर कसा तंज अपनी खीज अभिभावकों पर नहीं उतारे**

**जयपुर/अजमेर( निसं )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों से परीक्षा केंद्र हटाने के निर्णय को गरीब अभिभावकों एवं बालिकाओं के हितों पर कुठाराघात करार दिया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि अंता उपचुनाव में पार्टी द्वारा भाव न दिए जाने की खीज ग्रामीण बच्चों पर न उतारें। गौरतलब है कि बारां के अंता में हो रहे उपचुनाव में अभी मदन दिलावर की एंट्री नहीं हुई है, जबकि वे स्थानीय मंत्री हैं और लगातार कोटा में अपने विधानसभा क्षेत्र में है, जबकि बताया जा रहा है कि वसुंधरा राजे की पसंद पर जोधपुर से संबंध रखने वाले मंत्री जोगाराम पटेल को प्रभारी बनाया गया है। राठौड़ ने कहा कि शिक्षकों की दीर्घकालिक साधना एवं पूर्ववर्ती सरकारों की मेहनत से ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर सीमांत जिलों एवं आदिवासी बहुल इलाकों में बालक-बालिकाएं शिक्षा से जुड़ पाई हैं।

कांग्रेस सरकार ने गांवों में राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलकर शिक्षा क्रांति को अमलीजामा पहनाया, जिससे अभूतपूर्व नामांकन वृद्धि दर्ज की गई। किंतु बोर्ड का यह निर्णय उन उपलब्धियों पर पानी फेरने वाला है। ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात एवं साधनों की भारी कमी है। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले अभिभावकों के लिए दूरस्थ केंद्रों तक बच्चों को पहुंचाना आर्थिक आपात की स्थिति पैदा कर रहा है।

बालिकाओं की सुरक्षा एवं सुविधा पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कई निष्पक्ष शिक्षक संघों ने इस जनविरोधी कदम का खुला विरोध किया है। राठौड़ ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि स्थानीय होने के बावजूद अंता उपचुनाव में आपको पार्टी द्वारा नजरअंदाज करने की व्यक्तिगत खीज को ग्रामीण परीक्षा केंद्रों पर न थोपें। यह आदेश तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर अभिभावकों एवं छात्रों के हितों की रक्षा करेगी।

# अधिकारियों की सराहनीय पहल, इस बार शुरू किया प्रशासन ने नया नवाचार

■ **अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला शांतिपूर्वक ऐतिहासिक एवं सफलता पूर्वक संपन्न होने पर पुष्कर राज ओर ब्रह्मा जी का आभार जताया**

**पुष्कर, ( निसं )।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला के सफल ऐतिहासिक और शांति पूर्वक संपन्न होने के बाद शुक्रवार सुबह प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने पवित्र पुष्कर सरोवर के सप्तऋषि घाट पर आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। पुष्कर के इतिहास में मेला संपन्न होने के बाद पहली बार अधिकारियों ने सराहनीय पहल की।मेले को निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों ने पुष्कर सरोवर के सामने नमन करते हुए आभार व्यक्त किया।

पवित्र सरोवर के घाट पर वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंज उठी और पूरा वातावरण आध्यात्मिक अनुभूति से भर गया। अधिकारी और विभिन्न विभागों के कर्मचारी पारंपरिक विधि से स्नान करते हुए पुष्कर मेला की सफलता को आस्था, सामूहिक प्रयास और टीमवर्क की जीत बताया।सभी अधिकारियों ने पवित्र सरोवर में एक साथ आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर दुग्धाभिषेक करके पुष्कर मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर सभी का आभार प्रकट किया साथ ही मेले में व्यवस्था के दौरान किसी को भी कोई परेशानियां हुई तो उनके लिए पवित्र सरोवर का जल हाथ में लेकर क्षमा मांगी। इस दौरान एसडीएम (उपखण्ड अधिकारी) गुरुप्रसाद तंवर , एडिशनल एसपी दीपक शर्मा, सीओ ग्रामीण रामचन्द्र चौधरी, यातायात पुलिस सीओ आयुष वशिष्ठ, तहसीलदार इंद्रजीत सिंह, नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा, थानाधिकारी विक्रम सिंह, सब इंस्पेक्टर छीतरलाल वैष्णव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना तीर्थ पुरोहित नरेश रायता के सानिध्य में सम्पन्न हुई, जहाँ ब्रह्मा-सावित्री वेद अध्ययन केंद्र के आचार्य पंडित रामकरण शर्मा, आचार्य पंडित देवेश कुमार तिवाड़ी तथा वेदपंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान कराया। अधिकारियों ने कहा कि पुष्कर मेला का शांतिपूर्ण संचालन सभी विभागों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कामना की कि आने वाले वर्षों में भी पुष्कर मेला इसी अनुशासन, श्रद्धा और पवित्रता के साथ नई ऊँचाइयों को छुएगा। यही से स्नान पूजा करके सभी अधिकारी धोती कुर्ता में परिक्रमा लगाते हुए जगत पिता ब्रह्मा मंदिर पहुंचे यहां पहुंच कर ब्रह्मा जी की आरती की ओर भजन सुने। इसके बाद मौजूद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

# पृथ्वीराज नगर योजना से एडीए ने हटाया अतिक्रमण

**अजमेर, ( कासं )।** अजमेर विकास प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना में शुक्रवार को विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाने के लिए प्राधिकरण के दल ने तीन जेसीबी की मदद से पृथ्वीराज नगर योजना के बी ब्लाक में लगभग 100 भु-खण्ड़ों व 50 बीघा भूमि को अतिक्रमण सें मुफ्त करवाई गई। अतिक्रमणकारियों द्वारा पृथ्वीराज नगर के बी ब्लॉक में खातेदारों द्वारा काँटो की बाढ़ लगाकर खेती करने की तैयारी की जा रही थी जिसको खातेदारों से मौके पर समझाइस कर एडीए आयुक्त नित्या के के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।



**अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 100 भु-खण्ड़ों व 50 बीघा भूमि को अतिक्रमण सें मुफ्त करवाई गई।**

मौके पर एडीए द्वारा उक्त ब्लाक के भौतिक कब्जे देने के लिए सड़को का निर्माण भी कराया जायेगा। कार्यवाही के दौरान खातेदारों द्वारा कोर्ट में विवाद विचाराधीन होने के कारण भूमि को लेकर अतिक्रमण नहीं हटाने के लिए विवाद किया गया, लेकिन प्राधिकरण द्वारा समझाइश कर अतिक्रमण हटाया गया। जिसमें सहायक अभियंता राजीव मीना, कनिष्ठ अभियंता अंशुल एरेन, गिरदावर संजीव गुप्ता व प्राधिकरण पुलिस दल शामिल थे। वहीं प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अब शीघ्र ही पृथ्वीराज नगर योजना में विकास के कार्यो की गती आएगी।

## काचरिया व्यायाम शाला ने कुश्ती में परचम फहराया

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला में आयोजित कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में काचरिया पीठ के पहलवानो ने बेहतरीन प्रदर्शन कर परचम फहराते हुए तीनों खिताबों पर कब्जा जमाया। पहलवानों को खिताबी पट्टा एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुष्कर मेला केसरी के अंतर्गत पहलवान आर्यन शर्मा 11 हजार रूपये नगद, पुष्कर मेला कुमारी में पहलवान कुमकुम पारीक को 3100 रूपये नगद, पुष्कर मेला अभिमन्यु में पहलवान बृजेश सामरिया को 3100 रुपये नकद देकर सम्मानित किया। पहलवान कृष्णा कंवर ने पुष्कर मेला कुमारी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2100 रुपए और गरिमा चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त 1100 रुपए व प्रतीक बामणिया ने पुष्कर मेला कुमार में तृतीय स्थान में 2100 रुपए का ईनाम जीतकर सफलता हासिल की।

# मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर विशेष फोकस

■ **एसडीएम देवी लाल यादव ने देराठू में रात्रि चौपाल में दिए निर्देश**

**नसीराबाद,** (निसं)। लोकतंत्र को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में निर्वाचन विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत देराठू में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) देवी लाल यादव ने उपस्थित होकर क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची के परिशुद्धीकरण, घर-घर सर्वे, गणना प्रपत्र वितरण और मतदाता मैपिंग की प्रगति का गहन परीक्षण किया इस दौरान यादव ने उपस्थित कार्मिकों को निर्देश दिए कि कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाए, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूट न पाए।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है, जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। रात्रि चौपाल के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष पुनरीक्षण अभियान की जानकारी साझा की। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने, परिवारजनों और पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं, आवश्यक संशोधन कराएं और सूची की शुद्धता बनाए रखें।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पुस्तक का हुआ विमोचन

■ **जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राम चंद्राचार्य महाराज ने बताया कि राम भारत की आत्मा है**

**पुष्कर ( निसं )।** जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री अष्ट भू वैकुंठ आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी राम चंद्राचार्य महाराज, गया पीठाधीश्वर ओर सह पुष्कर युवराज रामानुजाचार्य स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज और श्री निंबार्क तीर्थ के कृपा पात्र भागवताचार्य गजेंद्र शास्त्री महाराज द्वारा युवा संस्कृत सेवक नेहरू पंडित द्वारा संकलित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पुस्तक का विमोचन किया गया। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राम चंद्राचार्य महाराज ने बताया कि राम भारत की आत्मा हे, श्री राम के बिना इस देश की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सभी को भगवान श्री राम के जीवन को पढ़ना चाहिए। श्री राम के चरित्र को जीवन में उतारकर श्रेष्ठ बनाना चाहिए ये पुस्तक बच्चों को भगवान श्री राम, राम युग, ओर राम मंदिर के संघर्ष के स्मरण इत्यादि ज्ञान की प्राप्ति के लिए उपयोगी है । गया पीठाधीश्वर ओर सह पुष्कर युवराज रामानुजाचार्य स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि बच्चों के लिए ये पुस्तक बहुत उपयोगी हैं। सनातन के घर घर अभियान में ये पुस्तक उपयोगी हैं। संस्कृत सेवक पुस्तक संयोजक नेहरू पंडित ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को भगवान श्री राम और राम से जुड़ी संस्कृति से जोड़ने के लिए ये प्रश्नोत्तरी पुस्तक रची गई है जो बच्चों के लिए बहुत सरल और सुगम है। इस अवसर पर निंबार्क तीर्थ सलेमाबाद के कृपा पात्र भागवताचार्य गजेंद्र शास्त्री, समाज सेवी कैलाश शर्मा रैंबो, विष्णु शर्मा, दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

# एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत उपखंड अधिकारी ने ली बैठक

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी द्वारा सुपरवाइजर एवं बीएलओ की राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय फतेहगढ़ में बैठक ली गई वहीं उपखंड अधिकारी में सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ को आदेशित किया गया कि एस ए आर के कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण करने एवं मतदाता सूची में मेपिंग कार्य करने के लिए कहा तथा यह भी निर्देश दिए कि सरवाड़ उपखंड जिले में एस आई आर के कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर रहे यह हमें ध्यान रखते हुए कार्य करना है वहीं उपखंड अधिकारी ने फतेहगढ़ गोयला क्षेत्र में घर-घर जाकर निरीक्षण भी किया गया इस दौरान उपखंड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी व सुपरवाइजर किशनलाल खारोल मुकेश कुमार कलवार बीएलओ नन्द किशोर सेन हीरा लाल गुर्जर सुखलाल धाकड़ राकेश शर्मा कुमार जगदीश टोडावत अमित कुमार चौधरी सूर्य प्रकाश भंवर सिंह रामकुमार कीर साहित अन्य उपस्थित रहें।

# नन्हीं लक्षिता ने काटा केक, दी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

**नसीराबाद** (निसं)। क्षेत्र के झड़वासा कस्बे के नंद घर आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम में शुक्रवार को एक अनोखा और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नवजात बेटी लक्षिता गुर्जर के जन्म पर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन और पंचायत समिति श्रीनगर के खंड सुपरवाइजर अभिषेक मांडिया के निर्देशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत झड़वासा के प्रशासक भंवर सिंह गौड़ ने नवजात बेटी की माँ रिंकू गुर्जर को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा बेटी लक्षिता को कुंकु तिलक कर हाथ में मोली बाँधी। इसके बाद नन्हीं लक्षिता द्वारा केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया, जो समाज में समानता और बेटी के सम्मान का सशक्त संदेश देता है। इस मौके पर परंपरा अनुसार ग्राम साथिन तारा देवी ने थाली बजाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में दिनेश वैष्णव, संजू मोटिस, सागर कंवर सहित अनेक ग्रामीण और छोटे बच्चे उपस्थित रहे।

# गोठीयाना में बेटी जन्मोत्सव का आयोजन

**अरांई, ( निसं )।** महिला अधिकारीता विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को मिनी आंगनबाड़ी केंद्र गोठीयाना में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के जन्म को सम्मान और खुशी से जोड़ना तथा बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम साथिन पूनम सेन ने नवजात बालिकाओं और उनके परिवारों के अभिनंदन से की। पारंपरिक ढंग से बेटियों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्राम साथिन पूनम सेन ने कहा कि बेटी का जन्म परिवार और समाज दोनों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार लाना और बेटियों को समान अवसर दिलाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा में किसी तरह की बाधा न आने दें। अध्यापक रामरतन जाट ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को सही दिशा और अवसर मिलता है तो, तो वे देश का गौरव बढ़ाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री माली ने लाड़ो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बालिका जन्म पर परिवार को सहायता प्रदान की जाती है, ताकि बच्चियों के पालन-पोषण और शिक्षा में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि समाज पुराने भेदभावों को छोड़कर बेटियों को समान अधिकार दे। ग्रामीण महिलाओं ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और समाज को सही दिशा दिखाते हैं। ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि वे हर बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाएंगे और उन्हें शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेंगे।

